पत्र सं0-842 33-3-2015 /

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
पंचायती राज, उ0प्र0

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 01 जुलाई ~~जून~~, 2015

विषयः दिनांक 1 जुलाई, 2015 से 7 जुलाई 2015 तक डिजिटल इंडिया सप्ताह मनाये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपयुक्त विषयक श्री ए.के. गोयल, अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या-एन-19011(65)/2/2014-ई पंचायत, दिनांक 24 जून, 2015 **(छायाप्रति संलग्नक-1)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

भारत सरकार के उपर्युक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2015 से 07 जुलाई, 2015 तक डिजिटल इण्डिया सप्ताह मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जैसा कि आप अवगत है कि प्रदेश द्वारा पंचायतों में ई-गर्वनेन्स के क्षेत्र में क्रियान्वित विभिन्न कार्यक्रम/पहल यथा-ई-पंचायत, ई-डिस्ट्रिक्ट, एस.एस.डी.जी. एवं नेशनल आप्टीकल फाइबर नेटवर्क (एन.ओ.एफ.एन.) आदि सुविधाएं जनसामान्य को प्रदान की जा रही हैं। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 01 जुलाई, 2015 से 07 जुलाई, 2015 तक मनाये जाने वाले डिजिटल इण्डिया सप्ताह के सम्बन्ध में निम्न प्रकार से गतिविधियों **(विस्तृत कार्यकम विवरण संलग्नक-2)** का सम्पादन डिजिटल इण्डिया कार्यकम के विषय जनमानस को जागरूक करने के लिए कराया जाना है।

1. दिनांक 2 जुलाई, 2015 को डिजिटल इण्डिया सप्ताह के अन्तर्गत जागरूकता हेतु पंचायतों में विशेष ग्राम सभा की बैठक बुलाया जाना।
2. ग्राम पंचायतों, जनसेवा केन्द्र, विकास खण्ड कार्यालय, तहसील/तालुक, हेल्थ सेंटर आदि स्थलों पर, समुदाय को, इलेक्ट्रानिक माध्यम से दी जा रही सेवाओं यथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं कुटुम्ब रजिस्टर की नकल इत्यादि के विषय में जागरूक करना।
3. सप्ताह के अन्तर्गत ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विकसित विभिन्न सॉफ्टवेयर यथा-प्रिया-सॉफ्ट पर लेखा-जोखा का रख-रखाव, नेशनल पंचायत पोर्टल (पंचायत वेबसाइट) पर समस्त पंचायतों द्वारा सूचनाओं को अपलोड करना तथा एरिया प्रोफाइलर पर ग्राम पंचायत के आधारभूत आंकडों की इन्ट्री इत्यादि किया जाना।
4. इस अवधि में नव निर्मित मोबाइल अप्लीकेशन एम-एसेट का शुभारम्भ एवं नेशनल एसेट डायरेक्टरी सॉटवेयर में अचल सम्पत्तियों के कोआरडीनेट सहित एम-एसेट में मैपिंग का कार्य किया जायेगा। मोबाइल अप्लीकेशन को

श्री प्रशांत
01.7.15

(http://assetdirectory.gov.in or http://panchayat.gov.in) वेबसाइट के होमपेज से डाउनलोड किया जा सकता है।

5. डिजिटल इण्डिया सप्ताह के अन्तर्गत पंचायतों में विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायतें नवीन माध्यमों का प्रयोग कर सकती हैं।

डिजिटल इण्डिया सप्ताह की अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से (रू0 50,000/–, रू0 30,000/–, रू0 20,000/–), इसके अतिरिक्त जनपद में सर्वोत्तम रूप से सक्रिय प्रति जनपद एक ग्राम पंचायत को रू0 5,000/–की धनराशि से तथा प्रदेश में सबसे ज्यादा सक्रिय 20 नागरिकों को रू. 500 की धनराशि से पुरस्कृत किया जाना प्रस्तावित है। **(चयन प्रक्रिया के मानक संलग्नक–3)**

उपरोक्तानुसार प्रत्येक जनपद द्वारा सर्वोत्कृष्ट एक ग्राम पंचायत का नाम, 3 सबसे ज्यादा सक्रिय ग्राम पंचायतों का नाम तथा एक–एक सबसे सक्रिय नागरिक का नाम संस्तुति सहित एवं आवश्यक तथ्यों के साथ ई–मेल (panchraj@nic.in) पर 10 जुलाई, 2015 तक उपलब्ध करा दिया जाए। निदेशक, पंचायती राज, उ.प्र. द्वारा अन्तिम चयन की कार्यवाही राज्य स्तर पर की जायेगी। इस अवधि में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि सूचना का आदान–प्रदान इलेक्ट्रानिक माध्यम से किया जाए।

अतः उपर्युक्तानुसार डिजिटल इण्डिया सप्ताह सफलतापूर्वक मनाये जाने हेतु तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–उक्तानुसार।**

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव,

**संख्या– /33–3–2015, तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आई.टी.), उ.प्र.शासन।
3. निदेशक, पंचायती राज, उ.प्र.।
4. राज्य सूचना विभाग अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, एन.आई.सी., उ.प्र.।
5. मुख्य विकास अधिकारी, उ.प्र.।
6. मण्डलीय उपनिदेशक(पं.), उ.प्र.।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, उ.प्र.।

आज्ञा से,

(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव

Annex-A

Indicative Schedule of Activities planned at Panchayat level during Digital India Week (DIW)

| | 01 July | 02 July | 03 July | 04 July | 05 July | 06 July | 07 July |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| Launch of Digital India by Hon'ble PM | | | | | | | |
| Special Gram Sabhas meetings on Digital India and e-Panchayat (*Objective of Digital India & e-Panchayat; Services available electronically and beneficiaries reached electronically by Panchayats would be disclosed; dissemination of best practices, etc*) | | | | | | | |
| Launch of Mobile App (mAsset) | | | | | | | |
| Launch of new services (if any) | | | | | | | |
| Updation of details on Panchayat websites and other information portals of Panchayats | | | | | | | |
| Mobile based mapping of Panchayat assets | | | | | | | |
| Regular updation of progress on Social Media (Facebook) and PMIS | | | | | | | |

*Note:*

1. *The performance of the Panchayats/Citizens will be evaluated by the State Govt.*
2. *Thereafter, the best performing Panchayats and Citizens would be awarded by State Govt.*
3. *The State IT Dept. may be contacted to access the funds earmarked for this purpose.*
4. *States are advised to enter the details of activities planned at Panchayat level during the DIW in the PMIS developed by DeitY for this purpose. The PMIS may be accessed at* http://diweek.cloudapp.net through Username: no_mopr; Password: test@123

NeGD
National e-Governance Division
Energising Digital Governance

ANOOP KUMAR AGRAWAL, I.A.S.
President & CEO (Chief Executive Officer)
National e-Governance Division (NeGD)

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना
National e-Governance Plan
Public services closer home

अनूप कुमार अग्रवाल आई ए एस
अध्यक्ष एवम मुख्य कार्यकारी अधिकारी
राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग

D.O No. NeGD/04-12/2015
Date: 23.06.2015

Dear Sir,

Kindly refer to the Secretary DeitY's D.O. letter No. 3(9)/2015-EG-II dated 13th March 2015 and the meeting on Digital India Week held with Ministry of Panchayati Raj on 8th April 2015 wide OM No. NeGD/04-12/2015 dated-15th April 2015, the Digital India Week programme will be launched by Hon'ble Prime Minister on 1st July 2015 at 4 PM, IST in New Delhi.

2. Digital India Week envisages to deliver the message of the Digital India to citizen and to showcase the Government's initiatives in the three key vision areas of (a) Infrastructure as (a) Utility of Every Citizen, (b) Governance and Services on Demand and (c) Digital Empowerment of Citizens. Therefore, in the planned Digital India Week, a series of events and activities are going to be held at National, State, District and Gram Panchayat and Village level across various organizations. The objective of the Digital India Programme during the Digital India Week is to Inform, Educate and Engage citizens in the ongoing government effort to transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.

3. We have received the DIW Activity Planner from Ministry of Panchayati Raj, for which a budget of Rs. 93 Lakhs has been approved for Ministry of Panchayati Raj for organizing Digital India Week at Gram Panchayats. The following are the approved budget details:

| Incentivization Plan for Panchayats and Citizens for Digital India Week | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No | No. of Units | No. of States/UTs/Districts/GPs | Incentive Description | Amount (Rs.) | Total (Rs.) |
| 1 | 1 | 30 | I best performing State Panchayat | 50,000.00 | 15,00,000.00 |
| 2 | 1 | 30 | II best performing State Panchayat | 30,000.00 | 9,00,000.00 |
| 3 | 1 | 30 | III best performing State Panchayat | 20,000.00 | 6,00,000.00 |
| 4 | 1 | 700 | Best performing Panchayat at District level | 5,000.00 | 35,00,000.00 |
| 5 | 20 | 30 | Citizen award | 500.00 | 3,00,000.00 |
| 6 | 1 | 2,50,000 | Misc expense for collateral and posters | 10.00 | 25,00,000.00 |
| Grand Total | | | | | 93,00,000.00 |

Address: 4th Floor, Electronics Niketan, 6 CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi 110003 Phone +91-11-24301915,
Fax No.: +91-11-30481637, E-mail: ceo@negp.gov.in
www.negp.gov.in

The budgeted funds for all the activities for Ministry of Panchayati Raj in States/UTs will be sent to the respective State/UT IT Secretaries. You are hereby requested to kindly direct the State/UT Nodal Officers of Ministry of Panchayati Raj to co-ordinate with the State/UT IT Secretaries for disbursement of funds and distribution of awards to the winner Panchayats as well as citizens. The funds would be released as and when the report is received through the mobile app/ portal created for this purpose.

4. Further, with reference to the Activity Plan received from Ministry of Panchayati Raj, some suggestions have been made as below:

i. The outreach activities of DIW should be increased and be equally spread on all the days, such as: a.) Gram Panchayats broadcast Hon'ble Prime Minister's address to the citizens on the launch of Digital India on 1st July 2015 at 4 PM onwards; b.) Display of all the e-services (through posters) under Digital India that can be availed at various touch-points like: CSCs, GPs, BDO Office, Tehsils/Taluks etc.

ii. It is proposed to involve more citizens and Panchayats in the incentive plan and the number of citizens to be awarded for the work can be increased to 20 instead of 10. For Panchayat competitions it is suggested that there be one best performing Panchayat from each district in addition to the three best performing Panchayats across the state.

iii. Nodal Officers and Panchayats can use the Mobile Application of NeGD to capture and monitor the progress of Digital India Week on regular basis. The App can be downloaded by logging in at the following link: http://diweek.cloudapp.net ; Username: no_mopr; password: test@123.

iv. Also it is requested to use branding "**An initiative under Digital India Week**" on all the services or mobile applications being launched by Ministry of Panchayati Raj during the week.

With regards,

Yours sincerely,

(Anoop Kumar Agrawal)

Shri A.K. Goyal
Additional Secretary,
Ministry of Panchayati Raj,
Krishi Bhawan,
Dr Rajendra Prasad Road,
New Delhi-01

Copy to:

i. OSD to Secretary, DeitY
ii. PPS to AS, DeitY

संलग्नक–2

## डिजिटल इण्डिया सप्ताह के अन्तर्गत दिवस–वार कार्यक्रम

| क्र.सं. | दिनांक | | गतिविधि |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 जुलाई, 2015 | डिजिटल इण्डिया सप्ताह मनाये जाने का शुभारम्भ | 1. मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा टेलीविजन एवं रेडियो पर दिये गये भाषण को पंचायत प्रतिनिधियों / पंचायत कर्मियों को सुनने / देखने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किया जाना।<br>2. डिजिटल इण्डिया सप्ताह के सम्बन्ध में दिनांक 02 जुलाई, 2015 को ग्राम सभा की होने वाली बैठक का एजेण्डा तैयार किया जाना एवं ग्राम पंचायत स्तर पर चस्पा किया जाना।<br>3. डिजिटल इण्डिया सप्ताह पर चलचित्र, बैनर, पोस्टर द्वारा प्रचार–प्रसार किया जाना। |
| 2. | 02 एवं 03 जुलाई, 2015 | | ग्राम सभा की बैठक का आयोजन, जिसमें डिजिटल इण्डिया तथा ई–पंचायत के उद्देश्य, राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रानिक सर्विस डिलवरी के माध्यम से दी जा रही सेवाओं को ग्राम सभा सदस्यों को अवगत कराना।<br>पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों हेतु नाइलेट द्वारा दिये जा रहे कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं अन्य क्षमता विकास कार्यक्रम पर के बारे में बताया जाना।<br>एन.ओ.एफ.एन. के माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को हाई स्पीड इन्टरनेट तथा ब फाइवर प्रदान किया जाना।<br>ई–गर्वनेन्स के क्षेत्र में पंचायतों द्वारा किये गये उत्तम कार्यों का प्रदर्शन। |
| 3. | 03 जुलाई, 2015 | | नेशनल एसेट डायरेक्टरी के लिए बनायी गई मोबाइल ऐप (m-Asset) का शुभारम्भ। |
| 4. | 01 से 07 जुलाई, 2015 | | एम–एसेट / नेड पर परिसम्पत्तियों की मैपिंग / चिन्हीकरण, विभिन्न सॉफ्टवेयर (प्रिया–सॉफ्ट एन.पी.पी. (पंचायत वेबसाइट) एवं एरिया प्रोफाइलर) पर डिजिटल इण्डिया सप्ताह की अवधि में इन्ट्री एवं वेबसाइट को अपलोड करना तथा पंचायतों द्वारा किये गये अभिनव प्रयास किया जाना। |

संलग्नक–3

## डिजिटल इण्डिया सप्ताह के अन्तर्गत पुरस्कृत किये जाने हेतु चयन प्रकिया के मानक

1. डिजिटल इण्डिया सप्ताह की अवधि में जनमानस में जागरूकता एवं योजनाओं की जानकारी देने के लिए की गई बैठक का आयोजन एवं उसका दस्तावेजीकरण (फोटोग्राफ्स, वीडियोग्राफी, मीटिंग मिनट्स, बैनर आदि) – 15 अंक
2. एम–एसेट / नैड पर अचल परिसम्पत्तियों की मैपिंग / इन्ट्री – 10 अंक
3. विभिन्न सॉफ्टवेयर (प्रिया–सॉफ्ट, एन.पी.पी. (पंचायत वेबसाइट) एवं एरिया प्रोफाइलर) पर डिजिटल इण्डिया सप्ताह की अवधि में इन्ट्री की प्रगति – 15 अंक
4. डिजिटल इण्डिया सप्ताह की अवधि में यदि ग्राम पंचायत कोई अभिनव प्रयास करती है जैसे– रैली, स्लोगन–राटिंग, डिजिटल इण्डिया के विषय में राष्ट्रीय / राज्य स्तर की वीडियो फिल्मों का संचालन एवं विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार किया जाना आदि – 10 अंक